प्रादेशिक समाचार

दिनांक–19.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **कोलकाता में डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में नई दिल्ली से रांची तक डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन जारी, स्वास्थ्य सेवायें प्रभावित, उच्चतम न्यायालय में कल होगी सुनवाई।**
2. **भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ योजना के तहत खिलाड़ियों के लिए अग्निवीर वायु पदों पर बहाली को लेकर जारी की अधिसूचना, कल से शुरू होगा पंजीकरण।**
3. **झारखंड समेत देशभर में धूमधाम से मनाया गया रक्षा बंधन का त्योहार, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं।**
4. **सावन की पूर्णिमा आज, देवघर स्थित बाबाधाम, रांची के पहाड़ी मंदिर समेत अन्य शिवालयों में उमड़ी भीड़, बाबाधाम और बासुकीनाथ से अरघा हटा, स्पर्श पूजा शुरू।**
5. **रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में दोपहर बाद से रुक–रुक कर हो रही बारिश, रांची, बोकारो, पलामू समेत कई जिलों में अगले दो दिनों तक बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी।**

****

कोलकाता में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या के विरुद्ध आज राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में रेजिडेंट डॉक्टर और मेडिकल के छात्रों ने विरोध–प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स, सफदरजंग अस्पताल, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, उत्तरी रेलवे केन्द्रीय अस्पताल और अन्य संस्थानों के डॉक्टरों ने नई दिल्ली के निर्माण भवन के निकट विरोध–प्रदर्शन किया और इस मामले में न्याय की मांग की। प्रदर्शनकारी डॉक्टर देश के संस्थानों और स्वास्थ्यकर्मियों की रक्षा के लिए एक सुरक्षा अधिनियम की भी मांग कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर राजधानी रांची के रिम्स में जूनियर डॉक्टर्स की हड़ताल आज भी जारी रही, जिससे मरीज इलाज के लिए परेशान रहे। बता दें कि कोलकाता की इस घटना पर उच्चतम न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया है और मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की खंडपीठ में कल इस मामले की सुनवाई होगी।

****

पदम पुरस्कारों से सम्मानित 70 से अधिक डॉक्टरों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कोलकाता दुष्कर्म और हत्या मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। इन डॉक्टरों ने कहा है कि चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं की सुरक्षा पर तत्काल ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

****

केंन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि कोलकाता में एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र भविष्य में इस प्रकार की किसी भी घटना को सहन नहीं करेगा। श्री गोयल ने नई दिल्ली में आज नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत नागरिकता प्राप्त करने वाली महिलाओं के साथ रक्षा बंधन का त्योहार मनाया। इस अवसर पर उन्होंने आश्वस्त किया कि देश महिलाओं की सदा रक्षा करेगा।

****

राजधानी रांची में अपराध पर नियंत्रण और अनुसंधान में मदद के लिए ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने व्यावसायिक प्रतिष्ठान, शैक्षणिक संस्थान, अपार्टमेंट और निजी मकान मालिकों से सीसीटीवी कैमरा लगाने की अपील की है।

****

भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ योजना के तहत खिलाड़ियों के लिए अग्निवीर वायु पदों पर बहाली को लेकर अविवाहित भारतीय पुरुष उम्मीदवारों की भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। इसके लिए अधिकारिक वेबसाइट पर कल से उनतीस अगस्त तक पंजीकरण होगा।

****

गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में आज एक बेकाबू कंटेनर की चपेट में आकर एक वृद्ध महिला की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हैं। तीनों घायलों को इलाज के लिए धनबाद भेजा गया है।

****

देशभर में आज रक्षा बंधन का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षाबंधन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। वहीं राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी झारखंडवासियों को रक्षा बंधन की बधाई दी है।

****

सावन पूर्णिमा के मौके पर आज देवघर स्थित बाबाधाम, रांची के पहाड़ी मंदिर समेत अन्य शिवालयों में पूजा के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। बाबाधाम में आज सवा लाख कांवरियों ने जलाभिषेक किया। दोपहर बाद बाबा मंदिर से अरघा हटा लिया गया और स्पर्श पूजा शुरू हो गई। वहीं दूसरी ओर दुमका के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम में भी आज श्रद्धालुओं की भीड़ रही। वहीं आज से बाबा बासुकीनाथ में भी स्पर्श पूजा शुरू हो गई। अनुमंडल पदाधिकारी कोशल कुमार ने बताया कि आज सरकारी पूजा के बाद अरघा हटा लिया गया है।

****

रांची के कई किसान मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा दे रहे हैं।

****

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज दोपहर बाद से रुक–रुककर बारिश हो रही है। वहीं मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक भारी बारिश को लेकर रांची, बोकारो, पलामू समेत कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि कई जिलों में वज्रपात की भी संभावना है।

****

हजारीबाग में ऑल इंडिया फिडे रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट के आयोजन किया जा रहा है जिसमें देशभर से 200 से अधिक शतरंज के दिग्गज खिलाड़ी पहुंचे हैं। कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो रेटिंग प्राप्त कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फलक पर अपनी पहचान बना चुके हैं। चार दिवसीय अटल स्मृति ओपेन शतरंज प्रतियोगिता मुंद्रिका कुंज भवन में आयोजित की गई। इधर हजारीबाग

लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल सांसद खेल महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करायेंगे। सांसद खेल महोत्सव–2024 के प्रथम चरण की तैयारी पूरी कर ली गई है।

**********समाप्त**********